
# Parallel Row Seating Arrangement – Set 2 (Hin)



# Parallel Row Seating Arrangement – Set 2 (Hin)

**निर्देश (1-5): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।**

दस व्यक्ति दो समानांतर पंक्तियों में एक दूसरे की ओर मुख करके बैठे हैं। पंक्ति 1 में, I, J, K, L, और M बैठे हैं और दक्षिण दिशा की ओर उन्मुख हैं और पंक्ति 2 में, U, V, W, X, और Y बैठे हैं और उत्तर दिशा की ओर उन्मुख हैं लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में हों।

L उस व्यक्ति के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है जो X के निकटतम पड़ोसी की ओर उन्मुख है। केवल एक व्यक्ति X और J की ओर उन्मुख व्यक्ति के बीच बैठता है। J और U की ओर उन्मुख व्यक्ति के बीच दो व्यक्ति बैठे हैं। W और V के बीच एक से अधिक व्यक्ति बैठे हैं, जो अंत में नहीं बैठा है। Y उस व्यक्ति की ओर उन्मुख है जो K से तीसरे स्थान पर बैठा है। I अंत में नहीं बैठता है।

**1) निम्नलिखित में से कौन K की ओर उन्मुख व्यक्ति के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है?**

A. वह व्यक्ति जो J की ओर उन्मुख है

B. वह व्यक्ति जो I की ओर उन्मुख है

C. वह व्यक्ति जो M की ओर उन्मुख है

D. वह व्यक्ति जो L की ओर उन्मुख है

E. इनमें से कोई नहीं

**2) पंक्ति 2 के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?**

I. V और वह व्यक्ति जिसका मुख M की ओर है के बीच दो व्यक्ति बैठे हैं

II. I और M, U की ओर उन्मुख व्यक्ति के निकटतम पडोसी हैं

III. V उस व्यक्ति के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है जो M की ओर उन्मुख है

A. I और II दोनों

B. केवल III

C. II और III दोनों

D. सभी I, II और III

E. इनमें से कोई नहीं

**3) M और V की ओर उन्मुख व्यक्ति के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?**

A. कोई नहीं

B. एक

C. दो

D. तीन

E. इनमें से कोई नहीं

**4) एक प्रकार से I, W से संबंधित है और इसी प्रकार K, V से संबंधित है, उसी प्रकार L किस व्यक्ति से संबंधित है?**

A. X

B. U

C. Y

D. निर्धारित नहीं किया जा सकता

E. इनमें से कोई नहीं

**5) निम्नलिखित पांच में से चार एक निश्चित तरीके से समान हैं और इसलिए समूह बनाते हैं। वह कौन सा है जो समूह से संबंधित नहीं है?**

A. V

B. K

C. I

D. Y

E. U

**निर्देश (6-10) : निम्नलिखित जानकारी का अध्ययन करें और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।**

# Parallel Row Seating Arrangement – Set 2 (Hin)

आठ व्यक्ति दो समानांतर पंक्तियों में प्रत्येक में चार व्यक्ति, इस प्रकार बैठे हैं कि आसन्न व्यक्तियों के बीच समान दूरी है। पंक्ति-1 में अमर, दिनेश, राहुल और सुरेश बैठे हैं और उन सभी का मुख दक्षिण की ओर है। पंक्ति-2 में, जतिन, करण, मनीष और नीलम बैठे हैं और उन सभी का मुख उत्तर की ओर है। इसलिए, दी गई बैठक व्यवस्था में एक पंक्ति में बैठे प्रत्येक सदस्य का मुख दूसरी पंक्ति के अन्य सदस्य की ओर है।

राहुल किसी एक अंतिम छोर पर बैठा है। मनीष उस व्यक्ति का तत्काल पडोसी है जिसका मुख राहुल की ओर है। मनीष और नीलम, जिसका मुख दिनेश की ओर है, के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। सुरेश दिनेश का तत्काल पडोसी नहीं है। जतिन, करण के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है, जो किसी एक अंतिम छोर पर बैठा है।

**6) निम्नलिखित पांच में से चार एक निश्चित तरीके से समान हैं और इसलिए एक समूह बनाते हैं। वह कौन सा है जो समूह से संबंधित नहीं है?**

A. मनीष

B. राहुल

C. नीलम

D. करण

E. दिनेश

**7) पंक्ति के अंतिम छोर पर कौन बैठा है?**

A. राहुल, जतिन

B. करण, दिनेश

C. अमर, मनीष

D. राहुल, अमर

E. नीलम, सुरेश

**8) निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है?**

A. करण और जतिन तत्काल पडोसी हैं

B. राहुल और मनीष की ओर उन्मुख व्यक्ति के बीच दो व्यक्ति बैठे हैं

C. दिनेश और राहुल के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है

D. अमर और करण की ओर उन्मुख व्यक्ति के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है

E. जतिन और राहुल की ओर उन्मुख व्यक्ति के बीच दो व्यक्ति बैठे हैं

**9) निम्नलिखित में से कौन जतिन के तत्काल दायें बैठा है?**

A. वह व्यक्ति जिसका मुख करण की ओर है

B. अमर

C. वह व्यक्ति जिसका मुख राहुल की ओर है

D. मनीष

E. नीलम

**10) निम्नलिखित में से कौन सुरेश का तत्काल पडोसी है?**

A. राहुल, दिनेश

B. अमर, करन

C. राहुल, अमर

D. करण, जतिन

E. मनीष, नीलम

## ANSWER WITH EXPLANATION

**निर्देश (1-5):**

1) उत्तर: A

2) उत्तर: B


3) उत्तर: C

4) उत्तर: B

5) उत्तर: D


# Parallel Row Seating Arrangement – Set 2 (Hin)

**अंतिम व्यवस्था**






L उस व्यक्ति के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है जो X के निकटतम पड़ोसी की ओर उन्मुख है। X और J की ओर उन्मुख व्यक्ति के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है।

Case I




Case II






Case IIa


J और U की ओर उन्मुख व्यक्ति के बीच दो व्यक्ति बैठे हैं। W और V के बीच एक से अधिक व्यक्ति बैठे हैं जो अंत में नहीं बैठता है। केस -1 समाप्त हो जाता है।

~~Case I~~





Case II








Case IIa

Y उस व्यक्ति की ओर उन्मुख है जो K से तीसरे स्थान पर बैठा है। I अंत में नहीं बैठता। इसलिए केस -2 समाप्त हो जाता है।




~~Case II~~




Case IIa

**निर्देश (6-10):**

6) उत्तर: A

7) उत्तर: B

8) उत्तर: D

9) उत्तर: E

10) उत्तर: C


**अंतिम व्यवस्था**

1) राहुल किसी एक अंतिम छोर पर बैठा है।


2) मनीष उस व्यक्ति का तत्काल पडोसी है जिसका मुख राहुल की ओर है।

3) मनीष और नीलम के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है, जिसका मुख दिनेश की ओर है।
4) सुरेश दिनेश का तत्काल पडोसी नहीं है।


case-1




case-2




5) जतिन, करण के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है, जो किसी एक अंतिम छोर पर बैठा है।
उपरोक्त स्थिति से, केस 2 समाप्त हो जाता है। केस 1 अंतिम व्यवस्था दिखाता है।




Click Here For Bank Exam Free PDF

Click Here For Reasoning Free PDF

Click Here For Quantitative Aptitude Free PDF

Click Here For English Free PDF

Click Here For Bundle PDF Course Click Here to Subscribe Our Yearly Mock Test Package